## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 09.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में कल रांची में होगी 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद बैठक, तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद, यातायात प्रतिबंध और वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था लागू।**

2. **श्रावणी मेले में इस वर्ष पहली बार एआइ से होगी निगरानी, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा – ड्रोन से आपात ब्लड सप्लाई की होगी व्यवस्था।**

3. **नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में गुमला पुलिस को मिली बड़ी सफलता, जे.जे.एम.पी. के पूर्व एरिया कमांडर समेत दो नक्सली गिरफ्तार, हथियारों के साथ जिंदा गोली और मोबाइल बरामद।**

4. **राज्य में भारत बंद का दिखा मिला जुला असर, चतरा, बोकारो और सरायकेला में श्रमिक संगठनों और विपक्षी दलों ने किया प्रदर्शन।**

5. **झारखंड ने पर्यटन के क्षेत्र में की उल्लेखनीय प्रगति, पर्यटन निदेशालय की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में चतरा जिला राज्य में रहा अग्रणी।**

**********************

रांची में कल पूर्वी क्षेत्रीय राष्ट्रीय परिषद की 27वीं बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बैठक में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और अधिकारी भाग लेंगे। इस दौरान सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, जबकि छोटे मालवाहक वाहनों का संचालन सुबह 8 बजे से 11 बजे और शाम 4 बजे से रात 7 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है। बिरसा चौक से सुजाता चौक तक ऑटो का प्रवेश दोपहर 12 बजे तक और फिर दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक वर्जित रहेगा। वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए आवश्यकतानुसार अन्य मार्गों को भी अस्थायी रूप से डायवर्ट या बंद किया जा सकता है।

नगर आयुक्त शुभकार गौरव के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर साफ–सफाई, फॉगिंग, जलजमाव से निपटने और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक स्थल के आसपास के क्षेत्रों को वीआईपी जोन घोषित किया गया है और सुरक्षा एवं स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

**********************

देवघर स्थित श्रावणी मेले में इस वर्ष पहली बार एआइ तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे भीड़ नियंत्रण, आपदा पूर्व चेतावनी और चिकित्सा जरूरतों की पहचान में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बताया कि आपात स्थिति में ड्रोन के माध्यम से ब्लड की आपूर्ति की जाएगी। मेला क्षेत्र में 32 अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र, 41 एंबुलेंस और 160 डॉक्टरों की तैनाती की गई है, साथ ही 300 प्रकार की विशेष दवाएं भेज दी गई हैं और किसी भी आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम मेला क्षेत्र में तैनात रहेगी।

**********************

पुरुलिया के भाजपा सांसद ज्योतिर्मय महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तुलना ममता बनर्जी से करते हुए तीखा हमला बोला है। बोकारो में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अगर झारखंड और बंगाल को बचाना है, तो दोनों नेताओं को सत्ता से हटाना होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन ने चुनाव में जो वादे किए थे, वो महज जनता को धोखा देने के लिए थे।

**********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में गुमला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जे.जे.एम.पी. के पूर्व एरिया कमांडर प्रवीण एक्का समेत दो उग्रवादियों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन ज़मा ने बताया कि डुमरी थाना क्षेत्र के तांती जंगल में इनकी मौजूदगी की सूचना पर विशेष छापामारी दल का गठन कर इन्हें पकड़ा गया। इनके पास से एक पिस्टल, एक सिक्सर, एक मैगजीन, पांच जिंदा गोलियां और दो मोबाइल जब्त किए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये उग्रवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।

**********************

राज्य में आज भारत बंद का मिला जुला असर दिखा। चतरा में चार नए श्रम कानूनों के विरोध में केशरी चौक पर प्रदर्शन कर रहे कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया। राजद जिला अध्यक्ष नवल यादव ने गिरफ्तारियों की निंदा की और कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना हर नागरिक का अधिकार है।

उधर बोकारो में ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा के बैनर तले नए श्रम कानूनों के विरोध में हड़ताल का आंशिक असर देखा गया। स्टील प्लांट प्रबंधन ने हड़ताल को देखते हुए सेल कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। इधर सरायकेला–खरसावां में श्रमिक संगठनों की 17 सूत्री मांगों को लेकर भारत बंद को राजद ने समर्थन दिया।

**********************

कोडरमा जिले में झुमरी तिलैया नगर परिषद की ओर से वस्त्र दान और किताब दान अभियान की शुरुआत की गई है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं

**************************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत नवासी हजार छह सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 13 हजार रूपये है।

**************************

पर्यटन निदेशालय की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार झारखंड ने पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में चतरा जिला राज्य में अग्रणी रहा है। ज़िले के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर, हंटरगंज का मां कौलेश्वरी मंदिर और तमासीन जलप्रपात विदेशी पर्यटकों के पसंदीदा स्थल हैं। जनवरी 2025 में चतरा में 408 विदेशी पर्यटक आए, जो किसी एक माह में सबसे ज्यादा है।

**************************

राज्य में बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अंतर भी घट गया है। राजधानी रांची में आज अधिकतम तापमान 28 दशमलव .4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य में सबसे अधिक 67 मिमी बारिश धनबाद के पुपकुनी में रिकॉर्ड की गई। जमशेदपुर, डालटेनगंज, बोकारो और चाईबासा में भी तापमान में गिरावट के साथ मौसम ठंडा बना हुआ है।

************समाप्त**************